wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-28 सागवाड़ा, बुधवार,22 सितम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## मेताली गांव में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के मेताली गांव में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सदर थाना पुलिस के अनुसार मेताली निवासी नानजी बामणा उम्र 58 वर्ष घर पर अकेला रहता था। सुबह के समय वह घर पर सोया था। उसी समय नानजी की बहन लता ओर बेटी तनुजा घर पर आई और अपने पिता को उठाने की कोशिश की, लेकिन खांट पर सोए नानजी ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर बेटी ने उन्हें हाथा लगाया तब भी कोई हरकत नहीं हुई। नानजी की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पंहुची ओर शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया वही परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बजरंग दल अभ्यास वर्ग प्रमुख कार्यकर्ताओं की चिंतन बैठक हुई

**सागवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सागवाड़ा के तत्वावधान में विभाग बांसवाड़ा का बजरंग दल अभ्यास वर्ग प्रमुख कार्यकर्ताओं का चिंतन बैठक पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा के वीर सावरकर विद्या निकेतन विद्यालय पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा हुई ।दूसरे दिन जागरण से शाखा व्यायाम के बाद प्रथम सत्र बजरंगदल प्रांत संयोजक दीपक प्रजापत एवं प्रान्त बलोपासना प्रमुख अश्विन सह क्षेत्रीय संयोजक किशन के आतिथ्य में शुरू हुआ। द्वितीय सत्र नरेंद्र भगत ने लिया। शाम को समापन हुआ ।विहीप विभाग सह मंत्री नरेंद्र भगत भीलूड़ा विहीप जिला उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास बजरंगदल जिला संयोजक पंकज पाटीदार विभाग संगठन मंत्री बापूसिंह बांसवाड़ा जिला संयोजक मोतीलाल पटेल बांसवाड़ा डुंगरपुर विभाग संयोजक गढ़ी संयोजक ललित सावरिया सेजल पाटीदार चिखली प्रखंड से गोपाल पाटीदार कुश सुथार कमलेश पाटीदारशम्भू सिह सहित दायित्ववान उपस्थित हुए।

## किशोरी से मोबाईल लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने किशोरी से मोबाईल लूट केकिशोरी से मोबाईल लूट के मामले में एक आरोपी को आज गिरफ्तार किया मामले में एक आरोपी को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 सितम्बर को खेमारू निवासी दुर्गा कटारा ने थाने में आकर रिपोर्ट दी थी की 18 सितम्बर को उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ महारावल स्कूल के पास पैदल-पैदल जा रही थी इस दौरान बाइक पर दो युवक आये और उसकी बेटी के हाथ में से मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। वही आज पुलिस ने हथोड़ निवासी कपिल पटेल को गिरफ्तार किया। वही पुलिस उसके साथी की तलाश कर रही है।

## गधे चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने गधे चोरी होने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की। अगस्त को मालाराम रेबारी निवासी जालोर हाल मुकाम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स ने थाने पर आकर रिपोर्ट दी थी की 5 अगस्त को स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स पर उसके डेरे से 12 गधे चोरी हो गए है ।जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। वही पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए उदयपुर जिले के कडिया लोसिंग निवासी राजू कालबेलिया व राजसमन्द जिले के बागोल खटिक मोहल्ला निवासी नरेंद्र खटिक को आज गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है पूछताछ में और भी वारदाते खुलने की सम्भावना है।

# सर्व समाज की हुई बैठक, सभी ने कहा,रीट अभ्यार्थियों केलिए पूरा शहर है तैयार

## सभापति अमृत कलासुआ ने ली बैठक ,सभी समाजो को सौंपी जिम्मेदारी

**डूंगरपुर।** 26 सितम्बर को आयोजित होने वाली प्रदेश की सबसे अधिक अभ्यार्थियों वाली परीक्षा रीट परीक्षा हेतु पहाड़ो की नगरी के सर्व समाज खातिरदारी हेतु तैयार है। बुधवार शाम को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ,तहसीलदार संजय चरपोटा,आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित और उपसभापति सुदर्शन जैन की मौजूदगी में सर्व समाज की बैठक नगरपरिषद में आयोजित की गयी। बैठक में सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि हमारे शहर में 23 परीक्षा केन्द्रो पर 8 हजार से अधिक अभ्यार्थी रीट परीक्षा देंगे जिसमे कुछ जिले के बाहर के अभ्यार्थी भी है जिनके डूंगरपुर पहुंचने पर शहर में आवास,भोजन और जलपान की व्यवस्था हेतु नगरपरिषद और सर्व समाज व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद द्वारा सभी सामुदायिक भवनों पर साफ़ सफाई करा दी गयी है वही कई समाजो ने आगे बढ़कर रीट अभ्यार्थियों को ठहराने की व्यवस्था का बीड़ा



उठाया है वो भी धन्यवाद के पात्र है,रीट अभ्यार्थी 25 की शाम तक हमारे शहर में पहुंच जायेगे जिनके रात को सोने और खाने की व्यवस्था वही सुबह अल्पहार की व्यवस्था हेतु नगरपरिषद और कुछ समाज सहयोग करेंगे पूरा शहर बाहर से आये अभ्यार्थी को कोई परेशानी न हो उस तरह से उनकी खातिदारी करे। वही आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने कहा कि नगरपरिषद के पास जो भी सामुदायिक भवन है उनमे बाहर से आये अभ्यार्थी को ठहराने की व्यवस्था की जायेगी,शहर में बाहर से आया अभ्यार्थी शहर के लिए मेहमान है और मेहमान को कोई तकलीफ न हो उसको लेकर नगरपरिषद और शहर के समाजजन दोंनो मिलकर उनका स्वागत करे। आज सभी समाजजन ने स्वागत और सहयोग की अपील की है उसके लिए नगरपरिषद धन्यवाद अर्पित करता है। तहसीलदार संजय चरपोटा ने बताया कि अच्छी बात है आज पूरा शहर अभ्यार्थियों को ठहराने की व्यवस्था में आगे आया है,अभ्यार्थियों के लिए पुरे शहर और जिले के सेंटरों का गूगल मेप भी उपलब्ध कराया जाएगा जिससे अभ्यार्थियों को केंद्र ढूंढने में दिक्क्त न हो।

बैठक में सोमपुरा समाज, जड़िया श्रीमाल समाज,जैन समाज, सिंधी समाज, जैन दिगम्बर समाज, सुथार समाज, औदीच्य समाज,खड़ायता समाज,चौबीसा समाज, भोई समाज,महावीर इंटरनॅशनल, श्रीमाल समाज उदयपुर और यादव समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## रायसिंह को वागड़ क्षत्रिय महासभा के नगर मंडल अध्यक्ष चुना गया

**डूंगरपुर।** जिले के वागड़ क्षत्रिय महासभा के नगर मंडल के चुनाव आज शहर के राजपूत लक्ष्मण छात्रावास में सम्पन्न हुए। इस दौरान सर्वसम्मति से रायसिंह को वागड़ क्षत्रिय महासभा के नगर मंडल अध्यक्ष पर चुना गया। वही महेंद्र सिंह व देवीसिंह को महासभा का नगर महामंत्री और पुष्पेन्द्र सिंह को वागड़ क्षत्रिय महासभा के नगर मंडल का कोषाध्यक्ष चुना गया। इधर नगरमंडल की नई कार्यकारिणी के बाद समाज के लोगो ने अध्यक्ष सहित सभी को माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर नए अध्यक्ष रायसिंह ने संबोधित किया और सभी को साथ लेकर समाज हित व उत्थान के लिए कार्य करने की बात कही।

## एकलव्य भील सेवा संस्थान आदिवासी समाज की बैठक हुई

**सागवाडा।** एकलव्य भील सेवा संस्थान सागवाड़ा की बैठक बुधवार को वाल्मीक ॠषि मन्दिर प्रागण में हूई। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा ने की। बैठक में रीट परीक्षा की व्यवस्था को लेकर दूसरे जिलों से आने वाले सभी वर्गो के रीट अभ्यर्थियों के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था वाल्मीक ॠषि मन्दिर सामुदायिक भवन तहसील के पीछे सागवाड़ा में दिनांक 25 व 26 सितम्बर व्यवस्था करने की सहमति बनी ।

## रथोत्सव की धूम रही



**सागवाड़ा।**

जैन समाज के पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर रथ उत्सव के तहत जैन समाज ने परंपरा का निर्वहन करते हुए मंगलवार शाम को सेठो के मंदिर से एक रथ निकाला गया।

वही प्राचीन परम्परा के तहत बुधवार को गांधियों के मंदिर से एक रथ और जूना मंदिर से दूसरा रथ निकल गया। जैन समाज के सेठ महेश नोगमिया ने कोरोना काल मे कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए नगर में रथ की शोभायात्रा निकाली।

बैगर काष्ठ निर्मित कलात्मक रथ की सफाई और सजावट कर दोनों रथो को मंदिर के बाहर चबूतरे पर स्थापित किया गया। जहां समाज जनों के साथ ही नगर के लोगों ने दर्शन लाभ लिया।

दोनों मंदिरों के बाहर चबूतरे पर रथों को आकर्षक रुप से सजाकर, रथो में भगवान की प्रतिमा रखकर रखा गया था जहां पवनकुमार गोवड़िया, चंद्रशेखर संघवी, नरेंद्र खोड़निया, अश्विन बोबड़ा, महेंद्र शाह, कन्हैया लाल मेहता, विजय कुमार जैन, विनय जैन, विमल जैन, नरेंद्र शाह, आनंद जैन समेत विभिन्न समाजों के लोगो ने रथों के दर्शन का लाभ लिया।



# डूंगरपुर जिले के नए कृषि कॉलेज का हुआ उद्घाटन

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने वर्च्युल तरीके से कॉलेज का उदघाटन किया

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुरूप डूंगरपुर जिले के नए कृषि कॉलेज का आज उद्घाटन हुआ। प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र ने वर्च्युल तरीके से कॉलेज का उदघाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया मौजूद रहे वही डूंगरपुर बादल महल के कृषि विज्ञान केंद्र से डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व जिला कलेक्टर कार्यक्रम से जुड़े।

इस मौके पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल मिश्र ने कहा की जनजाति बाहुल्य इलाको के लिए यह ऋषि कॉलेज एक वरदान साबित होगा। इसके माध्यम से दक्षिणी राजस्थान के जनजाति बाहुल्य क्षेत्रो से आये विद्यार्थी कृषि का आधुनिकतम ज्ञान प्राप्त कर नवीन रोजगार सृजन कर सकेंगे एवं क्षेत्र के कृषि विकास में योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे कृषि शिक्षा के दौरान ही युवाओं को एक उद्यमी के रूप में सफल होने के लिए तैयार करें। इसके लिए उद्यमिता, कौशल प्रशिक्षण की सुविधाओं से युवाओं को लाभान्वित करने के प्रयास बढ़ाने जाने पर उन्होंने जोर दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कृषि क्षेत्र पर ग्रामीण आबादी की निर्भरता को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा गत दो वर्ष में 13 कृषि महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया।

आदिवासी क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय प्रारम्भ होने से यहां के छात्रों की लम्बे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई है।

## डूंगरपुर साबेला बाईपास पर सरकारी क्वार्टर को चोरों ने निशाना बनाया

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के साबेला बाईपास पर सरकारी क्वार्टर को चोरों ने अपना निशाना बना डाला। चोर सरकारी क्वार्टर का ताला तोड़कर हजारों की नकदी और हजारों के जेवर चुरा कर फरार हो गए। साबेला बाईपास क्वार्टर में रहने वाली दीप्ति नंदवाना टाडी ओबरी पंचायत में एलडीसी पद पर कार्यरत है। जो कि आज अपने ऑफिस गई हुई थी शाम को जब दीप्ति नंदवाना अपने क्वार्टर पर पहुंची तो देखा कि क्वार्टर का ताला टूटा हुआ था और अन्दर सामान बिखरा हुआ था। क्वार्टर के अंदर से 17000 की नदी और हजारों के सोने चांदी के जेवर गायब थे। इधर आज पीड़िता की सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इधर पीडिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लकड़ियों की तस्करी करते 3 को पकड़ा

**डूंगरपुर।** डीएसटी ने मंगलवार देर रात पेड़ों की कटाई कर लकड़ियां भरकर ले जा रहे तीन वाहनों को पकड़कर कर 3 तस्करों को डिटेन किया। एस्कॉर्ट में खड़ी एक कार को भी पकड़ा है। जिला स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि आसपुर थाना क्षेत्र के वाडा घोड़ियां गांव में हरे पेड़ों की अवैध कटाई करके तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी। सूचना पुख्ता होने पर डीएसटी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, राजगोपाल व पंकज की टीम ने वाडा गोड़िया में छापेमार कार्रवाई की गई। डीएसटी टीम ने तस्करों को चारों ओर से घेर लिया और दबिश दी। तस्कर रात के अंधेरे में सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर रहे थे। हरे पेड़ों को काटने के बाद क्रेन से ट्रक में भरा जा रहा था। एक कार भी खड़ी एस्कॉर्ट में खड़ी थी। डीएसटी ने मौके से लकड़ी से भरे ट्रक के साथ क्रेन व एस्कॉर्ट के लिए खड़ी कार को जब्त किया है। डीएसटी ने लकड़ी तस्करी में लगे शंकर पुत्र भेरा मीणा निवासी बिरावल सलूम्बर, क्रेन के चालक रूपा पुत्र पूजाजी मीणा छोलडी थाना झल्लारा और एस्कॉर्ट में खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार के चालक प्रवीण सिंह राजपूत निवासी छप्पनिया को हिरासत में लिया गया है। ट्रक का चालक रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आरोपियों ने लकड़ी की तस्करी कर गुजरात ले जाना बताया है, जहां लकड़ी का इस्तेमाल फर्नीचर बनाने में किया जाता है। डीएसटी ने ट्रक, क्रेन, एस्कॉर्ट कर रही कार समेत आरोपियों को आसपुर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

## गहलोत समर्थक विधायक बोले, राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक विधायक नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों से इनकार कर रहे हैं। विधायक महेंद्र चौधरी ने कहा कि राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन का सवाल ही नहीं उठता। गहलोत पूरे 5 साल सरकार चलाने में सक्षम है। चौधरी गहलोत समर्थक विधायक हैं। चौधरी ने कहा कि राजस्थान में 125 विधायक गहलोत के नेतृत्व में एकजुट हैं। । नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं पर चौधरी ने कहा कि राजस्थान में बेस्ट काम हो रहा है। इसे कांग्रेस हाईकमान भी जानता है।

प्रभारी अजय माकन को भी विधायकों ने यही फीडबैक दिया था, सभी विधायक गहलोत सरकार के काम से खुश हैं। 125 विधायक गहलोत के नेतृत्व में एकजुट हैं।गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर ने कहा- हम सबकी प्राथमिकता अशोक गहलोत हैं। इसलिए आप अन्य राज्यों की तरह राजस्थान को नहीं देख सकते। राजस्थान के लिए अशोक गहलोत जरूरी हैं। आज जो देश में हालात हैं और अमित शाह, मोदी ने अन्य राज्यों में हथकंडे अपनाए हैं, उनमें मुकाबला गहलोत ही कर सकते हैं।

## चरनोट भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

**गणेशपुर।** आसपुर पंचायत समिति के गणेशपुर पंचायत के टाटिया गांव के ग्रामीणों ने चरनोट भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर को दिया ज्ञापन। ग्रामीणों ने बताया कि मौजा टाटिया में खसरा नंबर 1382/3 रखबा 90 बीघा भूमि पर हूरजीपिता हीरा वं नारायण पिता हूरजी मीणा निवासी टाटिया ने अतिक्रमण किया है ग्राम पंचायत गणेशपुर द्वारा नोटिस भी दिया गया है एवं कब्जा नहीं करने पर पाबंद भी किया गया था परंतु फैसला होने के उपरांत भी अतिक्रमण नहीं हटा रहा है प्रार्थना पत्र उपखंड अधिकारी आसपुर एवं तहसीलदार आसपुर को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया परंतु आज दिन तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

# राज भोई समाज की महिला मंडल का हुआ गठन

## सर्व सम्मति से आशा देवी भोई बनी महिला मंडल की अध्यक्ष

**डूंगरपुर।**

राज भोई समाज की बैठक बुधवार को राज भोई समाज के नोहरे में आयोजित हुई बैठक। बैठक की अध्यक्षता समाजध्यक्ष राजेश राठैड़ की। बैठक में सर्व सम्मिति आशा देवी भोई को महिला मंडल का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के लिए सीमा देवी, मीरा देवी,दुर्गा देवी, सचिव पद के लिए गोती देवी तथा केशियर पद के लिए मैना देवी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए महिला मंडल अध्यक्ष आशा देवी ने कहा की समाज के प्रति वह पूरी तरह निष्ठावन रहेगी। इस मौके पर बैठक में पोपेश भोई, शंकरलाल भोई, जितेंद्र भोई, संजय भोई,प्रकाश भोई, भावेश भोई, आशोक भोई, विजय भोई, हंसमुख भोई, शैलेंद्र भोई सहित महिला मंडल की सदस्य मौजूद थी।

# युवाओ को रोज़गार देना तो दूर, मोदी सरकार कर रही देश की धरोहरों को बेचने का कार्य - भगोरा

**डूंगरपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व सांसद ताराचन्द भगोरा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश मे किए जा रहे निजीकरण व देश की सम्पत्तियों को बेचने पर आगाह करते हुए कहा कि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के ही परिणाम है कि आज देश की धरोहरों को बेचकर सरकार चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नोटबंदी और जीएसटी का फैसला जल्दबाजी में लिया गया था, उसी तरह से अब सरकारी संपत्तियों को बेचने का कदम उठाया जा रहा है। सरकार को ऐसी जल्दबाजी से बचना चाहिए। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ज़िद का परिणाम आज पूरा देश झेल रहा है, जीएसटी लागू करने से अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया गया जीएसटी की वजह से अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की मेहनत से खड़ी की गई सरकारी कंपनियों और जनता की संपत्ति को जल्दबाजी में बेचकर मोदी सरकार खजाना भरना चाहती है, सरकार ने 'विनिवेश' के बजाय 'निजीकरण' की नीति अपनाई जिससे देश मे बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। पूर्व सांसद ने कहा कि कोरोना की वजह से लॉकडाउन झेल रहे लोगों का रोजी-रोजगार बंद होने से पहले से ही परेशान है साथ ही, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार इजाफा से महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है फिर भी केंद्र की भाजपा सरकार आसमान छूती कीमतों में कोई राहत नही दे रही। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दामो में लगातार इजाफे से जनता की कमर तोड़ दी है लिहाजा आम आदमी की जेब खाली हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम बनने से पहले पेट्रोल -डीजल की कीमतों को लेकर आंसू बहाते थे लेकिन आज देश की जनता बेहाल है और पीएम सहित भाजपा नेता व सांसद मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जब-जब सत्ता में आती है, साथ में महंगाई लाती है पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों से आम आदमी हताश है और केंद्र सरकार सिर्फ पूंजीपतियों का खजाना भरने में लगी हुई है। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि देश मे पेट्रोल-डीजल व एलपीजी गैस के दामो में लगातार वृद्धि कर महंगाई सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है लोगो के मुंह से निवाला तक छीना जा रहा है।